कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 19.09.2024

विषय:- शादी का झांसा देकर अवैध सम्बन्ध बनाने वाला आरोपी थाना सिगरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक सिगरा के नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित वांछित अभियुक्त संदीप कुमार सोनकर (उम्र 30 वर्ष) पुत्र बुद्धू राम सोनकर निवासी म.न. एस 2/641 बी -2 वरूणा बिहार कालोनी सिकरौल थाना कैन्ट जनपद वाराणसी को सिगरा क्षेत्र से दिनांक- 19/09/2024 को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछतांछ अभियुक्त- संदीप कुमार सोनकर पुत्र बुद्धू राम सोनकर निवासी म.न. एस 2/641 बी -2 वरूणा बिहार कालोनी सिकरौल थाना कैन्ट जनपद वाराणसी पूछने पर बता रहा है कि मैं व (काल्पनिक नाम) वर्ष 2017 व 2018 में साथ - साथ एलएलबी की पढ़ाई करते थे उसी दौरान हम लोगों की आपस में घनिष्ठता हो गयी थी और हम लोगों का एक दूसरे से प्रेम प्रसंग हो गया और हम दोनों लोग आपस में शादी करने के लिए भी तैयार थे और हम दोनों का आपस में शारीरिक सम्बन्ध भी कई बार हुआ परन्तु मैं अपने व्यक्तिगत कारणों से (काल्पनिक नाम) से शादी नहीं कर सका। मेरी शादी घर वालों की मर्जी से दूसरी लड़की से हो गयी। तभी से हमलोगों में आपस में दूरियाँ हो गयी। इस प्रकार अभियुक्त अपने किये कि गलती मानते हुए अभियुक्त अपना जुर्म स्वीकार कर रहा है तथा मेरे विरूद्ध जो मुकदमा लिखवाया गया है उसके सम्बन्ध में मैं अपनी सफाई अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में दूंगा।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता व उम्र-

1. संदीप कुमार सोनकर पुत्र बुद्धू राम सोनकर निवासी म.न. एस 2/641 बी -2 वरूणा बिहार कालोनी सिकरौल थाना कैन्ट जनपद वाराणसी उम्र 30 वर्ष।

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. श्री मनोज कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. वरिष्ठ उ0नि0 श्री विवेक कुमार त्रिपाठी, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0कां0 राकेश कुमार सिंह, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 अनन्त सिंह, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
5. कां0 मृत्युंजय सिंह, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन,
कमिश्नरेट वाराणसी।